हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 28 अक्टूबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 दिन में समाधान कार्य और रात में किसान चौपाल लगाकर विशेष समस्या सुनवाई



07 स्वामित्व योजना में घोटाला, मृत और राजस्थान के लोगों के नाम पर बांटे पट्टे!



खबर संक्षेप

सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधायक शैलेंद्र जैन को सौंपा ज्ञापन

सागर। शिवाजी वार्ड स्थित वैशाली नगर कॉलोनी के निवासियों ने सड़क निर्माण की मांग को लेकर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के निवास पर पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा। कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र में सड़क निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए अपनी समस्याओं से विधायक को अवगत कराया। विधायक जैन ने रहवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और सड़क निर्माण की मांग पर सकारात्मक पहल करते हुए संबंधित वार्ड पार्षद एवं इंजीनियर को स्थल निरीक्षण कर सड़क निर्माण का एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा तथा सड़क निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। विधायक जैन ने कहा कि नागरिकों को बेहतर सड़क, आवागमन एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। क्षेत्रवासियों द्वारा प्रस्तुत समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं, ताकि सड़क निर्माण की संभावनाओं का परीक्षण कर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

दर्शन परिषद के 22वें राष्ट्रीय अधिवेशन का समापन

सागर। दर्शन परिषद् (मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़) के 22वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन का विश्वविद्यालय के अभिमंच सभागार में समापन हुआ। अधिवेशन भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली की वित्तीय सहायता से डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय एवं स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय, सागर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। समापन सत्र की अध्यक्षता दर्शन परिषद के अध्यक्ष प्रो. भरत कुमार तिवारी ने की। मुख्य अतिथि अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा के संकायाध्यक्ष एवं व्यवसाय एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली के दर्शन केंद्र के अध्यक्ष डॉ. आदर्शपल्ली नटराजू रहे। आयोजक सचिव डॉ. अनिल कुमार तिवारी ने अधिवेशन का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि दो दिनों में 8 सत्रों के दौरान 61 शोध-पत्रों का वाचन एवं प्रस्तुतीकरण हुआ, जिनमें 22 व्याख्यानमालाएं शामिल रहीं। निर्णायक मंडल द्वारा चयनित 11 प्रतिभागियों को युवा दार्शनिक पुरस्कार प्रदान किए गए। मुख्य अतिथि प्रो. अतुल पाण्डेय ने कहा कि दर्शनशास्त्र को अकादमिक नेतृत्व की भूमिका में होना चाहिए।

जिला स्तरीय युवा उत्सव 31 अक्टूबर को

सागर। भारत सरकार एवं संचालनालय खेल और युवा कल्याण, मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार खेल और युवा कल्याण विभाग, सागर द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 31 अक्टूबर को रविन्द्र भवन सभागार में किया जाएगा। युवा उत्सव में इस वर्ष पेंटिंग, समूह लोकनृत्य, समूह लोकगीत, कविता लेखन एवं नुक्कड़ नाटक सहित कुल पांच विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। समूह लोकनृत्य में केवल हिन्दुस्तानी शैली मान्य होगी। टेप, कैसेट आदि के माध्यम से प्रस्तुति मान्य नहीं की जाएगी। लोकगीत भारतीय गायन पर आधारित तथा क्षेत्रीय भाषा में हो सकते हैं। फिल्मी गीतों का प्रदर्शन मान्य नहीं होगा। युवा उत्सव में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी खेल और युवा कल्याण विभाग, खेल परिसर, सागर से आवेदन फार्म प्राप्त कर 24 अक्टूबर को शाम 5 बजे तक जमा कर सकते हैं। इसके साथ ही माय भारत पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीयन कराना अनिवार्य है। पोर्टल पर पंजीयन के बिना प्रतिभागी युवा उत्सव में भाग नहीं ले सकेंगे।

सागर, जबलपुर और भोपाल में एक साथ कार्रवाई

आय से 264.64 फीसदी अधिक खर्च, वाणिज्यिक कर अधिकारी के ठिकानों पर लोकायुक्त का छापा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत पर लोकायुक्त पुलिस ने मंगलवार सुबह 6 बजे राज्य जीएसटी विभाग के वाणिज्यिक कर अधिकारी मनीष कुमार जैन के सागर, जबलपुर और भोपाल स्थित ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई की। वर्तमान में दमोह में पदस्थ अधिकारी के ठिकानों पर लोकायुक्त की तीन टीमें दस्तावेजों और संपत्तियों की जांच में जुटी हैं। प्रारंभिक जांच में अधिकारी की ज्ञात आय की तुलना में व्यय कई गुना अधिक पाया गया है। टीम अधिकारी और उनके परिजनों के नाम दर्ज संपत्तियों तथा आय के स्रोतों से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।



1.03 करोड़ की आय, 3.78 करोड़ का खर्च

लोकायुक्त की प्रारंभिक जांच के अनुसार मनीष कुमार जैन की कुल आय 1 करोड़ 3 लाख 73 हजार 317 रुपए आंकी गई है, जबकि कुल व्यय 3 करोड़ 78 लाख 25 हजार 707 रुपए सामने आया है। लोकायुक्त के अनुसार यह व्यय ज्ञात आय का 364.64 फीसदी है। इस तरह ज्ञात आय की तुलना में व्यय 264.64 फीसदी अधिक पाया गया है।

शिकायत का सत्यापन निरीक्षक बृजमोहन सिंह नरवरिया ने किया था। प्रारंभिक जांच में शिकायत प्रथमदृष्टया सही पाए जाने के बाद भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक अंजूलता पटले को मिली शिकायत के आधार पर तीन टीमों ने मंगलवार सुबह एक साथ कार्रवाई शुरू की।

जबलपुर में अधिकारी के नाम जमीन

प्रारंभिक जांच में मनीष कुमार जैन के नाम जबलपुर में 278.74 वर्गमीटर जमीन सामने आई है। इसकी अनुमानित कीमत 1 करोड़ 43 लाख 60 हजार 880 रुपए बताई गई है।

पत्नी के नाम जमीन और प्लॉट

जबलपुर में अधिकारी की पत्नी निधि जैन के नाम 116.14 वर्गमीटर जमीन मिली है, जिसकी अनुमानित कीमत 9 लाख 56 हजार 375 रुपए बताई गई है। इसी क्षेत्र में उनके नाम 116.14 वर्गमीटर का एक प्लॉट भी दर्ज है, जिसकी कीमत भी 9 लाख 56 हजार 375 रुपए आंकी गई है।

भोपाल में बंगला, प्लॉट और फ्लैट

निधि जैन के नाम भोपाल में 180 वर्गमीटर जमीन मिली है, जिस पर बंगला बना हुआ है। इसकी अनुमानित कीमत 22 लाख 87 हजार 126 रुपए बताई गई है। इसके अलावा 402.41 वर्गमीटर के प्लॉट की कीमत 13 लाख 68 हजार 550 रुपए तथा 83.18 वर्गमीटर के फ्लैट की कीमत 13 लाख 34 हजार 630 रुपए आंकी गई है।

बंडा में माता-पिता के नाम मकान

सागर जिले के बंडा में भी अधिकारी के परिजनों के नाम संपत्तियां सामने आई हैं। माता राशि जैन के नाम 92.93 वर्गमीटर का प्लॉट, जिस पर मकान बना है, की अनुमानित कीमत 23 लाख 49 हजार 140 रुपए बताई गई है।

वहीं पिता कोमलचंद जैन के नाम 91.07 वर्गमीटर के प्लॉट पर बने मकान की कीमत 43 लाख 19 हजार 388 रुपए तथा 111.48 वर्गमीटर के अन्य प्लॉट पर बने मकान की कीमत 2 लाख 86 हजार 485 रुपए दर्ज की गई है।

कार, स्कूटर और बीमा पॉलिसियां भी मिलीं

लोकायुक्त की जांच में पत्नी निधि जैन के नाम मारुति स्विफ्ट कार और सुजुकी एक्सेस वाहन भी सामने आए हैं। दोनों वाहनों की कुल अनुमानित कीमत 5 लाख 10 हजार रुपए बताई गई है। इसके अलावा अधिकारी और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर 33 लाख 93 हजार 986 रुपए की बीमा पॉलिसियां होने की जानकारी सामने आई है।

दस्तावेजों और आय के स्रोतों की जांच जारी

लोकायुक्त की टीमें तीनों स्थानों पर मिली संपत्तियों और दस्तावेजों का सत्यापन कर रही हैं। जांच में संपत्तियों के वास्तविक मूल्य, उनकी खरीद में खर्च की गई राशि, अधिकारी की ज्ञात आय के स्रोत और कुल व्यय के बीच अंतर का परीक्षण किया जाएगा। लोकायुक्त अधिकारियों के अनुसार फिलहाल सामने आए आंकड़े प्रारंभिक जांच पर आधारित हैं। संपत्तियों के स्वामित्व, वास्तविक मूल्य और आय के स्रोतों का अंतिम आकलन जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।



लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ पर संगोष्ठी, युवाओं से हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय में 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' विषय पर संगोष्ठी एवं युवा-विद्यार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक व्यवस्था, नागरिक अधिकार एवं कर्तव्यों के साथ एसआईआरको लेकर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में सागर लोकसभा सांसद लता वानखेड़े, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया और भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अनिल तिवारी ने किया। संगोष्ठी में लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और नागरिकों की जिम्मेदारियों पर विचार रखे गए। साथ ही एसआईआर के तहत मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण, सूची की शुद्धता और पात्र मतदाताओं के नाम सूची में शामिल रहने के महत्व पर भी चर्चा हुई।

विद्यार्थियों ने रखे विचार

कार्यक्रम में युवा एवं विद्यार्थी संवाद प्रमुख आकर्षण रहा। इसमें विद्यार्थियों की लोकतंत्र, निर्वाचन प्रक्रिया और समसामयिक विषयों को लेकर समझ तथा उनकी भागीदारी पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति जागरूक रहते हुए जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों, मतदाता जागरूकता और युवा सहभागिता को लेकर संवाद का अवसर मिला।



गढ़ाकोटा अधिवक्ता संघ के चुनाव संपन्न, राम सजीवन चौबे अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

गढ़ाकोटा। गढ़ाकोटा अधिवक्ता संघ के वर्ष 2026-28 के चुनाव निर्वाचन प्रक्रिया एवं आपसी सहमति से संपन्न हुए। चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामसजीवन चौबे, उपाध्यक्ष पद पर महेंद्र कुर्मी, सचिव पद पर संदीप कुर्मी तथा कोषाध्यक्ष पद पर मनीषा सोनी निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं, कार्यकारिणी सदस्य के सात पदों के लिए निर्वाचन कराया गया, जिसमें 17 प्रत्याशियों ने भाग लिया। मतगणना के बाद वतन सोनी, लक्ष्मीकांत पाठक, विवेक भागवत, ओमकार कुर्मी, उमेश पटेल, अजय एवं विजय ने सर्वाधिक मत प्राप्त कर जीत हासिल की। निर्वाचन प्रक्रिया में कुल 93 मतदाता अधिवक्ताओं में से 72 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान दो मत अमान्य घोषित किए गए। चुनाव को लेकर अधिवक्ताओं में उत्साह का माहौल रहा। निर्वाचन संपन्न होने के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। अधिवक्ताओं ने सभी निर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए संघ के हित में कार्य करने की अपेक्षा जताई।

सागर में बदले कलेक्टर और एसपी, प्रतिभा पाल और अनुराग सुजानिया का तबादला





दिलीप कुमार यादव होंगे नए कलेक्टर, संजीव कुमार सिन्हा संभालेंगे एसपी की कमान

सागर। मध्यप्रदेश शासन ने 27 अक्टूबर को प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए हैं। इसके तहत सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल और पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया का तबादला किया गया है। बंडा में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद दोनों अधिकारियों को हटाए जाने की चर्चाएं चल रही थीं।

प्रतिभा पाल भोपाल भेजीं दिलीप यादव नए कलेक्टर

2012 बैच की आईएएस अधिकारी एवं सागर कलेक्टर प्रतिभा पाल को मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम, भोपाल का प्रबंध संचालक बनाया गया है। उन्होंने 13 अप्रैल 2026 को सागर कलेक्टर का पदभार संभाला था। उनकी जगह 2014 बैच के आईएएस अधिकारी दिलीप कुमार यादव को सागर का नया कलेक्टर बनाया गया है। वे अब तक मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम के प्रबंध संचालक थे।

अनुराग सुजानिया एआईजी संजीव सिन्हा नए एसपी

2014 बैच के आईपीएस अधिकारी एवं सागर एसपी अनुराग सुजानिया को पुलिस मुख्यालय भोपाल में एआईजी पदस्थ किया गया है। उनकी जगह 2016 बैच के आईपीएस अधिकारी संजीव कुमार सिन्हा सागर के नए पुलिस अधीक्षक होंगे। वे वर्तमान में 14वीं वाहिनी विशेष सशस्त्र बल, ग्वालियर के सेनानी के पद पर पदस्थ हैं। तबादला आदेश के बाद अब सागर जिले में कलेक्टर और एसपी दोनों नए अधिकारी जिम्मेदारी संभालेंगे।

ट्रैक्टर चोरी का आरोपी 24 घंटे में गिरफ्तार, भेजा जेल

शाहगढ़ पुलिस ने करीब 4 लाख रुपए कीमत का चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शाहगढ़ पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी अर्पित अहिरवार (20) निवासी वार्ड क्रमांक 1, शाहगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी गया करीब 4 लाख रुपए कीमत का ट्रैक्टर-ट्रॉली भी बरामद किया है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

सीसीटीवी फुटेज से हुई आरोपी की पहचान

पुलिस के अनुसार, 24-25 अक्टूबर की दरमियानी रात गल्ला मंडी में खड़ा फरियादी दुर्गेश पटेल का पावरट्रैक 434 ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 16 एसी 3942 ट्रॉली सहित चोरी हो गया था। फरियादी की रिपोर्ट पर शाहगढ़ थाने में अपराध क्रमांक 334/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।



मंडी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज और मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर 25 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर चोरी गया ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद किया गया। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नरेंद्र सोलंकी के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी बंडा रोहित लखारे के मार्गदर्शन में की गई। इसमें थाना प्रभारी संदीप खरे सहित शाहगढ़ थाने के पुलिसकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

व्हाइट टॉपिंग से मकरोनिया-सिविल लाइंस मार्ग का उन्नयन, विधायक लारिया ने किया निरीक्षण, 10.60 करोड़ की लागत से 3.20 किमी सड़क का निर्माण

सागर। नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने मकरोनिया चौराहा से जीरो माइल्स होते हुए सिविल लाइंस तक निर्माणाधीन व्हाइट टॉपिंग मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण की प्रगति और तकनीकी प्रक्रिया की जानकारी लेते हुए कार्य को स्वीकृत डिजाइन एवं निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूरा करने के निर्देश दिए। करीब 10.60 करोड़ रुपए की लागत से 3.20 किलोमीटर लंबे मार्ग का व्हाइट टॉपिंग तकनीक से उन्नयन किया जा रहा है। सड़क का मुख्य कैरिज-वे 14 मीटर चौड़ा होगा, जिसमें दोनों ओर सात-सात मीटर सड़क और बीच में एक मीटर का डिवाइडर रहेगा। दो-दो मीटर चौड़े पेवर ब्लॉक पाथ-वे और प्रकाश व्यवस्था का भी प्रावधान है। व्हाइट टॉपिंग के तहत मौजूदा सड़क के ऊपर सीमेंट कंक्रीट की परत बिछाई जाती है। विधायक ने सड़क के आधार, कंक्रीट की गुणवत्ता, जॉइंट व्यवस्था और जल निकासी सहित आवश्यक तकनीकी परीक्षणों पर विशेष ध्यान देने को कहा। करीब 50 हजार वाहनों की दैनिक आवाजाही वाले इस मार्ग का उन्नयन यातायात की सुगमता और सड़क सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। परियोजना में निर्धारित 10 वर्ष की गारंटी अवधि अनुबंध की शर्तों और गुणवत्ता मानकों के अधीन रहेगी।

कार्यकर्ताओं ने कहा: किसानों की समस्या को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नही

खाद किल्लत, बिजली-पानी की मांग को लेकर कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरीकलाँ

रवि सीजन की फसलों के लिए खाद की किल्लत, विद्युत आपूर्ति एवं क्षेत्र के जलाशयों की नहरों की दुरावस्था को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने प्रदर्शन कर राज्यपाल के नाम तहसीलदार देवरी को ज्ञापन सौपा गया।

प्रदेश सरकार के पूर्व केबिनेट मंत्री हर्ष यादव की अगुवाई में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में एकत्र हुए कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कचहरी के समीप स्थित दुर्गा माता मंदिर परिसर में धरना दिया एवं प्रदेश सरकार के विरूद्ध जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस वक्ताओं ने आरोप लगाया कि देवरी विधानसभा क्षेत्र के किसान डीएपी खाद की भारी किल्लत का सामना कर रहे है। डीएपी खाद की अनुपलब्धता के कारण क्षेत्र में नकली खाद बेचने वाले गिरोह सक्रिय है जिन पर शासन एवं प्रशासन का कोई नियंत्रण नही है। कांग्रेस वक्ताओं ने आरोप लगाया कि सरकारी खाद वितरण व्यवस्था दोषपूर्ण होने के कारण दूरस्थ गांवों से आने वाले किसानों को ऑनलाइन टोकन बुकिंग व्यवस्था में सर्वर की खराबी एवं बाद लंबी लंबी लाइनों में खाद के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित बिजली कटौती एवं विद्युत ट्रांसफार्मरों की खराबी को लेकर किसान परेशान है। क्षेत्र में सिंचाई साधनों का प्रमुख स्त्रोत जलाशयों की क्षतिग्रस्त नहरों की मरम्मत एवं साफ-सफाई न होने के कारण जल अपव्यय के कारण कृषकों का सिंचाई कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।



इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मंत्री हर्ष यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार का किसान विरोधी चेहरा उजागर हो चुका है पूरे प्रदेश में किसान खाद की कमी का सामना कर रहे है, न तो सरकारी वितरण व्यस्था से किसान को खाद मिल पर रहा है न ही बाजार में खाद उपलब्ध नही है ऐसे किसानों की बोबनी नही हो पा रही है। क्षेत्र के किसान खरीफ फसले नष्ट होने के कारण किसान परेशान है, परंतु विद्युत विभाग द्वारा बकाया भुगतान के नाम पर विद्युत विभाग किसानों को परेशान कर रहा है। क्षेत्र में बांधों के नहरों की सफाई विगत 3 वर्षों से नही की गई है।

ज्ञापन में मांग की गई कि देवरी विधानसभा क्षेत्र में पर्याप्त डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए, ऑनलाइन टोकन व्यवस्था सुचारू की जाए, किसानों को निर्धारित समयानुसार पर्याप्त बिजली मिले, खराब ट्रांसफार्मर तत्काल बदले जाएं तथा जलाशयों की नहरों की मरम्मत एवं साफ-सफाई शीघ्र कराई जाए।

इस अवसर पर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आशीष राजौरिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष आंचल आठया, नगर कांग्रेस अध्यक्ष गौरव पाण्डेय, अमित सरवैया, सौरभ नामदेव, नीरज कोष्टी, भरत रजक, अनंतराम रजक, आंचल आठ्या, बसंत सरवैया, प्रदीप पटेल, आनंद विश्वकर्मा, राहुल खटीक, धर्मेन्द्र लखेरा, हरिओम यादव, उमाराम यादव, देवेन्द्र यादव, सीताराम लोधी, कन्नू यादव, गजेन्द्र गुरु, शुभम मिश्रा, राजू दीक्षित, बलवंत राजपूत, सुरेन्द्र राजपूत, डॉ. जयराम लोधी, मुकेश सेन, विजय गोवा, मुलाम लोधी, धर्मेन्द्र लोधी, मुनीफ खान, आशु चौरसिया, पवन मिश्रा, आदित्य दुबे, अमित राजपूत, सौरभ यादव, सीताराम यादव, भरत यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान उपस्थित रहे।

विश्वविद्यालय : एपीटीकॉन-2026 में प्रियांशु नेमा और अर्पणा पुरोहित ने हासिल किया द्वितीय स्थान

सागर। डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के शोधार्थी प्रियांशु नेमा एवं अर्पणा पुरोहित ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एपीटीकॉन-2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपने शोध कार्यों के लिए द्वितीय स्थान प्राप्त किया और विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया। भारतीय फार्मेसी शिक्षक संघ (एपीटीआई) के 28वें वार्षिक राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन 24 एवं 25 अक्टूबर 2026 को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर, छत्तीसगढ़ में किया गया। इस सम्मेलन में देशभर के विभिन्न संस्थानों के शोधार्थियों, शिक्षकों एवं वैज्ञानिकों ने भाग लेकर अपने नवीन शोध कार्य प्रस्तुत किए। प्रियांशु नेमा ने पोस्टर प्रस्तुतीकरण श्रेणी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उनका शोध इंटीग्रेटेड मल्टी-ओमिक्स एंड स्ट्रक्चर-बेस्ड कम्प्यूटेशनल ड्रग डिस्कवरी फॉर इल्युसिडेटिंग मॉलिक्यूलर मैकेनिज्म्स एंड थेराप्यूटिक टारगेट्स इन टाइप 2 डायबिटीज मेलिटसश्र विषय पर आधारित था। इस शोध में बहु-ओमिक्स विश्लेषण एवं संरचना-आधारित कम्प्यूटेशनल औषधि खोज के समन्वय से टाइप-2 मधुमेह के आणविक तंत्रों को समझने तथा संभावित औषधीय लक्ष्यों की पहचान करने का प्रयास किया गया है। उनके शोध निर्देशक डॉ. सुशील के. काशव तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. अस्मिता गजभिये हैं। उनका शोध मशीन लर्निंग-ड्रिवन इनसाइट्स इनटू नैनोपार्टिकल डिलीवरी एफिशिएंसी एंड फाइटोकेमिकल सिनर्जी फॉर टारगेटिंग टीएनबीसी रेजिस्टेंस विषय पर केंद्रित था। इस शोध में मशीन लर्निंग की सहायता से नैनोकण-आधारित औषधि वितरण की प्रभावशीलता तथा पादप-आधारित जैवसक्रिय घटकों के संयुक्त प्रभाव का अध्ययन करते हुए ट्रिपल-नेगेटिव स्तन कैंसर में उपचार प्रतिरोध को लक्षित करने की संभावनाओं पर कार्य किया गया है। उनकी शोध निर्देशक डॉ. वंदना सोनी तथा सह-शोध निर्देशक डॉ. सुशील के. काशव हैं। दोनों शोधार्थियों की इस उपलब्धि पर फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. उमेश के. पाटिल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी।

खाद की बुकिंग से लेकर स्वामित्व योजना तक, ग्राम जरूआ में चौपाल लगाकर सुनीं समस्याएं

दिन में समाधान कार्य और रात में किसान चौपाल लगाकर विशेष समस्या सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जैसे जैसे बुबाई का समय निकट आ रहा है, बैसे बैसे कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय अपने समय का बंटवारा करते हुये सुनवाई की बिभिन्न प्रक्रियाये अपना रहे है। जिले में खाद वितरण व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और किसानों को नकली खाद से बचाने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रोत्रिय गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधा संवाद कर रहे है। इसी क्रम में सोमवार देर रात कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने जतारा तहसील की ग्राम पंचायत जरूआ में रात्रि चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। चौपाल में खाद की बुकिंग एवं वितरण व्यवस्था, स्वामित्व योजना और ग्रामीणों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा की गई। इस दौरान कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को बाजार से खाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और प्रामाणिकता की जांच करने की सलाह दी। वहीं, स्वामित्व योजना का काम समय पर पूरा कराने के लिए ग्रामीणों से राजस्व अमले को आवश्यक सहयोग देने की अपील की।



अधिकांश किसानों को मिला खाद, शेष की बुकिंग

रात्रि चौपाल के दौरान कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने ग्रामीणों से खाद की उपलब्धता, बुकिंग और वितरण की स्थिति की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अधिकांश किसानों ने खाद की बुकिंग कर उर्वरक प्राप्त कर लिया है, जबकि शेष किसान भी आगामी दिवस से बुकिंग कर खाद प्राप्त करेंगे। इस पर कलेक्टर श्रोत्रिय ने बताया कि स्टॉक उपलब्ध होने पर सुबह 10 बजे से खाद की बुकिंग की जा सकती है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसानों को बुकिंग एवं वितरण के दौरान किसी प्रकार की अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उपलब्ध स्टॉक के अनुसार व्यवस्था को सुचारु रखा जाए, ताकि किसानों को समय पर उर्वरक मिल सके और कृषि कार्य प्रभावित न हों।

नकली खाद से सावधान रहें किसान, गुणवत्ता की जांच जरूरी

खाद की उपलब्धता और वितरण के साथ कलेक्टर श्रोत्रिय ने किसानों को बाजार में मिलने वाली नकली खाद के प्रति सतर्क रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसान बाजार से खाद खरीदते समय उसकी गुणवत्ता और प्रामाणिकता की जांच अवश्य करें, ताकि वे नकली या अमानक उर्वरक खरीदने से बच सकें। खेती में खाद का महत्वपूर्ण योगदान होता है और उसकी गुणवत्ता फसल की पैदावार को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में किसानों को उर्वरक खरीदते समय सावधानी बरतनी चाहिए। प्रशासन की ओर से खाद वितरण व्यवस्था पर नजर रखने के साथ किसानों को जागरूक करने पर भी जोर दिया जा रहा है, जिससे उन्हें सही खाद उपलब्ध हो सके और किसी प्रकार की धोखाधड़ी से बचाया जा सके।

एमपी ई-सेवा एप से स्वामित्व योजना आवेदन

चौपाल में कलेक्टर श्रोत्रिय ने ग्रामीणों को स्वामित्व योजना की प्रक्रिया की जानकारी भी दी। उन्होंने बताया कि एमपी ई-सेवा एप के माध्यम से योजना के लिए आवेदन किया जा सकता है। जिन ग्रामीणों को ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया की जानकारी नहीं है, वे गांव के ऑनलाइन कार्यों की जानकारी रखने वाले युवाओं की मदद ले सकते हैं। इसके अलावा पटवारी के माध्यम से भी आवेदन कराया जा सकता है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने संबंधित राजस्व अमले को निर्देश दिए कि ग्रामीणों को योजना के उद्देश्य, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक दस्तावेजों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराई जाए, ताकि पात्र लोगों को योजना का लाभ लेने में परेशानी न हो।

पेंशन, नल-जल योजना समस्याएं भी पहुंचीं चौपाल में

रात्रि चौपाल में ग्रामीणों ने पेंशन और नल-जल योजना सहित अन्य समस्याओं से कलेक्टर श्रोत्रिय को अवगत कराया। ग्रामीणों ने अपनी परेशानियां सामने रखते हुए उनके निराकरण की मांग की। कलेक्टर श्रोत्रिय ने समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को निर्देश देकर मौके पर ही उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई कराई। इस दौरान तहसीलदार जतारा निशांत चौरसिया सहित पटवारी, पटवारी दल, सीएससी सेंटर की टीम, सर्वेयर, रोजगार सहायक, पंचायत सचिव और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

ग्रामीणों ने कार्रवाई व राशन वितरण की मांग

राशन के लिए भटक रहे हितग्राही निरीक्षण में बंद मिली दुकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले के मोहनगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम मझगुवां में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि राशन दुकान विक्रेता द्वारा पात्र हितग्राहियों को सितंबर और अक्टूबर 2026 का राशन वितरित नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, ग्रामीणों के मुताबिक राशन दुकान महीने में महज दो से तीन दिन ही खोली जाती है, जिसके कारण हितग्राहियों को समय पर राशन नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों की शिकायत पर मंगलवार को निरीक्षण करने पहुंचे मोहनगढ़ तहसीलदार को भी राशन दुकान बंद मिली। दुकान बंद पाए जाने और राशन वितरण नहीं होने की शिकायतों के बाद तहसीलदार ने अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन जतारा एसडीएम को भेजने की बात कही है।

ग्रामीणों के अनुसार, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र परिवारों को हर महीने राशन उपलब्ध कराने की व्यवस्था है, ताकि जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न के लिए परेशान न होना पड़े। लेकिन मझगुवां गांव में कथित तौर पर इस व्यवस्था का लाभ समय पर नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि राशन दुकान नियमित रूप से नहीं खुलती। महीने में केवल दो से तीन दिन दुकान खुलने के कारण कई हितग्राहियों को राशन लेने के लिए इंतजार करना पड़ता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि सितंबर और अक्टूबर माह का राशन नहीं मिलने से पात्र परिवारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राशन वितरण में कथित अनियमितताओं और ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंगलवार को मोहनगढ़ तहसीलदार राशन दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे। ग्रामीणों को उम्मीद थी कि निरीक्षण के दौरान राशन वितरण की स्थिति स्पष्ट होगी और उनकी समस्या का समाधान निकल सकेगा। हालांकि, मौके पर राशन दुकान बंद मिली। दुकान बंद पाए जाने के बाद राशन वितरण की व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। तहसीलदार ने ग्रामीणों को बताया कि मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रतिवेदन तैयार कर जतारा एसडीएम को भेजा जाएगा। ग्राम मझगुवां निवासी विशाल परमार, संजू दांगी, सुदामा दांगी, अवधेश दांगी, धर्मेंद्र दांगी, मंटू दांगी, मनी वंशकार और रामलाल पाल ने राशन दुकान के संचालन को लेकर शिकायत की है। इन ग्रामीणों का आरोप है कि विक्रेता द्वारा दुकान नियमित रूप से नहीं खोली जाती और सितंबर व अक्टूबर 2026 का राशन भी वितरित नहीं किया गया है। ग्रामीणों ने इस संबंध में सीएम हेल्पलाइन और तहसील में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि शिकायत करने के बाद भी उन्हें अब तक दोनों महीनों का राशन नहीं मिल पाया है।ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राशन दुकान विक्रेता के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए और पात्र हितग्राहियों को सितंबर तथा अक्टूबर माह का लंबित राशन जल्द उपलब्ध कराया जाए।

कम पेट्रोल देने की शिकायत निकली बेअसर जांच में मात्रा मिली सही



टीकमगढ़। जिले के बड़ागांव धसान में पेट्रोल कम दिए जाने की शिकायत के बाद सोमवार देर रात खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने पेट्रोल पंप पर पहुंचकर जांच की। दो दिन पहले पेट्रोल भरवाने के दौरान कम मात्रा मिलने के आरोप को लेकर उपभोक्ता और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद उपभोक्ता ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत की थी। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय के निर्देश पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर पेट्रोल और डीजल की मात्रा की जांच कराई। जांच में पेट्रोल और डीजल की मात्रा में कोई गड़बड़ी नहीं मिली, लेकिन उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं में कमी सामने आई। अधिकारियों ने पेट्रोल पंप संचालक को एक सप्ताह के भीतर कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, बड़ागांव धसान स्थित मेसर्स चंद्रभान हटैया फ्यूल्स पर दो दिन पहले उपभोक्ता अमर सिंह लोधी और पेट्रोल पंप कर्मचारियों के बीच विवाद हुआ था। उपभोक्ता ने आरोप लगाया था कि पेट्रोल भरवाने के दौरान उन्हें निर्धारित मात्रा से कम पेट्रोल दिया गया। इसको लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद की स्थिति बन गई। इसके बाद अमर सिंह लोधी ने खाद्य विभाग के अधिकारियों से शिकायत कर मामले की जांच कराने की मांग की थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए। इसके बाद सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा अपनी टीम के साथ सोमवार देर रात पेट्रोल पंप पहुंचे। टीम ने पेट्रोल और डीजल की मात्रा की जांच कराई तथा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा के अनुसार, जांच के दौरान पेट्रोल और डीजल की मात्रा में कोई अनियमितता नहीं मिली। इस तरह कम पेट्रोल दिए जाने की शिकायत के संबंध में की गई जांच में मात्रा की गड़बड़ी सामने नहीं आई। पेट्रोल और डीजल की मात्रा की जांच के साथ अधिकारियों ने पेट्रोल पंप पर उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी जायजा लिया। इस दौरान वाहनों में हवा भरने के लिए कंप्रेसर मशीन और पीने के पानी की व्यवस्था नहीं मिली। पेट्रोल पंप पर इन आवश्यक सुविधाओं की कमी पाए जाने पर अधिकारियों ने संचालक को एक सप्ताह के भीतर सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए हैं।

सहायक जिला आपूर्ति अधिकारी ललित मेहरा ने बताया कि पेट्रोल पंप संचालक को उपभोक्ताओं के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित एक सप्ताह की समय सीमा में कमियां दूर नहीं की गईं तो नियमानुसार चालानी कार्रवाई की जाएगी।

बच्ची से टकराई बाईक, बढ़ा विवाद, युवक को पीटा

दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम बीरऊ की घटना, पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर



टीकमगढ़। जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बीरऊ में बाइक की टक्कर एक बच्ची से होने के बाद विवाद का मामला सामने आया है। आरोप है कि बच्ची के परिजनों ने बाइक सवार युवक के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसे चोटें आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर दिगौड़ा पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित अंशुल चौबे मंगलवार को बाइक से लिधौरा की ओर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम बीरऊ में उसकी बाइक एक बच्ची से टकरा गई। घटना के बाद बच्ची के परिजन जयहिंद यादव और हल्के यादव मौके पर पहुंच गए। इस दौरान बाइक सवार अंशुल चौबे और दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। बताया गया है कि बच्ची से बाइक टकराने के बाद शुरू हुआ विवाद बढ़ गया। आरोप है कि जयहिंद यादव और हल्के यादव ने अंशुल चौबे के साथ मारपीट कर दी, जिससे युवक को चोटें आईं। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। दिगौड़ा पुलिस ने अंशुल चौबे की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

रानीगंज तिगैला के पास वाहन से टकराई बाइक, तीन घायल

मड़िया से लौट रहे थे बाइक सवार, पुलिस ने घायलों को पहुंचाया जिला अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़



जिले में हाईवे पर सड़क हादसों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। सोमवार रात करीब 8 बजे दिगौड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम रानीगंज तिगैला के पास एक बाइक की अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक पर सवार तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर लिधौरा और दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंची तथा तीनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां उनका इलाज जारी है। मौके पर मौजूद लोगों से मिली जानकारी के अनुसार, खड़ाई (बम्होरी) निवासी नन्ने लाल अहिरवार, कम्बोदी अहिरवार और धनी अहिरवार प्लेटिना बाइक से मड़िया से वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान जब उनकी बाइक रानीगंज तिगैला के पास पहुंची, तभी क्रॉसिंग करते समय बाइक की किसी अज्ञात वाहन से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक को टक्कर मारने वाला वाहन दुर्घटना के बाद मौके से चला गया। हादसे के बाद घायलों को मदद की जरूरत थी। ऐसे में स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही लिधौरा और दिगौड़ा पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाने की व्यवस्था की। बताया जा रहा है कि बाइक सवार तीनों लोग शराब के नशे में थे, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर टीकमगढ़ में जनजागरण तेज

कहीं लाउडस्पीकर तो कहीं घर-घर बांट रहे गौ सम्मान हस्ताक्षर पत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

गौ माता के सम्मान, गोवंश के संरक्षण और गौ आधारित भारतीय परंपराओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर टीकमगढ़ जिले में जनजागरण की गतिविधियां तेज हो गई हैं। गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के सदस्य शहर की विभिन्न कॉलोनियों से लेकर आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंचकर लोगों को अभियान से जोड़ने में जुटे हैं। कहीं घर-घर जाकर हस्ताक्षर पत्रक बांटे जा रहे हैं, तो कहीं लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से अभियान में सहभागी बनने की अपील की जा रही है। गौभक्तों का कहना है कि इस अभियान का उद्देश्य गौ माता के सम्मान और गोवंश संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना है। अभियान के तहत टीकमगढ़ से पांच लाख से अधिक हस्ताक्षर कराकर भेजने का लक्ष्य रखा गया है।

श्री मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महाराज और ग्वाल संत श्री गोपालानंद सरस्वती महाराज के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के सदस्य पूरे उत्साह और समर्पण के साथ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में जुटे हैं। गौभक्त हाथों में बैनर, पंपलेट और पोस्टर लेकर लोगों के बीच पहुंच रहे हैं और उन्हें गौ सम्मान आह्वान अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दे रहे हैं। समिति के सदस्यों का प्रयास है कि समाज के अधिक से अधिक लोग इस अभियान से जुड़ें और गौ संरक्षण के प्रति अपनी सहभागिता दर्ज कराएं। गौ संरक्षण समिति के ज्ञानप्रकाश उर्फ बॉबी मिश्रा और श्यामू दादा के मार्गदर्शन में ग्राम पुरैनिया, बुडेरा, लार, अनंतपुरा, कुंवरपुरा, सुनवाहा और पपावनी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। गौभक्तों ने गांवों में भ्रमण कर ग्रामीणों से संपर्क किया और उन्हें गौ सम्मान आह्वान अभियान की जानकारी देते हुए हस्ताक्षर पत्रक वितरित किए। इस दौरान गोवंश की स्थिति का जायजा भी लिया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में लंपी वायरस से प्रभावित बीमार गायों की जानकारी मिलने पर उनके लिए दवाएं भी वितरित की गईं। अभियान से जुड़े सदस्यों का कहना है कि गौ संरक्षण का उद्देश्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि जरूरतमंद गोवंश की सेवा और देखभाल भी उनकी प्राथमिकता है।



कॉलोनियों में लाउडस्पीकर से अपील कर रहीं महिला कार्यकर्ता

शहर की विभिन्न कॉलोनियों में भी गौ सम्मान आह्वान अभियान को लेकर सक्रियता दिखाई दे रही है। गौ संरक्षण समिति की युवा टीम घर-घर पहुंचकर लोगों को अभियान की जानकारी दे रही है और हस्ताक्षर पत्रक बांट रही है। वहीं महिला शक्ति की सदस्य ब्राह्मण कॉलोनी, शिवनगर कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों में लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों से अभियान में जुड़ने की अपील कर रही हैं। महिला कार्यकर्ता लोगों को समझा रही हैं कि गौ माता के सम्मान और गोवंश संरक्षण के लिए चलाए जा रहे इस अभियान में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है। शहर के अलग-अलग मोहल्लों में गौभक्तों द्वारा लोगों से व्यक्तिगत संपर्क कर हस्ताक्षर भी कराए जा रहे हैं। अभियान से जुड़ी महिला शक्ति के सदस्यों ने बताया कि टीकमगढ़ से पांच लाख से अधिक हस्ताक्षर कराकर भेजने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए समाज के विभिन्न वर्गों को अभियान से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। अभियान के तहत एकत्रित हस्ताक्षर पत्रक राज्यपाल और राष्ट्रपति को सौंपे जाने हैं। गौभक्तों ने लोगों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में हस्ताक्षर कर इस पहल में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उनका कहना है कि गौ माता का सम्मान भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ा विषय है तथा गोवंश का संरक्षण सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में देखा जाना चाहिए।

4 दिसंबर को भोपाल कार्यक्रम

गौ संरक्षण समिति टीकमगढ़ के गौभक्त ज्ञानप्रकाश उर्फ बॉबी मिश्रा ने बताया कि गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत आगामी 4 दिसंबर को भोपाल में विशाल राज्यस्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है। इस कार्यक्रम को लेकर चलो भोपाल के नारे के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। समिति के सदस्य गांवों और शहर की कॉलोनियों में पहुंचकर लोगों को कार्यक्रम की जानकारी दे रहे हैं और अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान कर रहे हैं। अभियान में ज्ञानप्रकाश उर्फ बॉबी मिश्रा, श्यामू दादा, राजेंद्र मिश्रा कक्का, राहुल तिवारी मंडी, सुदीप रिंकू मिश्रा, अरुण प्रेम तिवारी, प्रोफेसर निष्ठा दुबे, मोहित सोनी, सुनील विदुआ सोनू, ऋतु मिश्रा, वंदना मिश्रा, डॉ. अनिल झा, संतोष पटेरिया, विवेक पस्तोर, नीलेश यादव, आशु सिंह सहित अनेक गौभक्त सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।



एसडीएम के पास पहुंची फर्जी आबादी पट्टे बांटने की शिकायत

स्वामित्व योजना में घोटाला, मृत और राजस्थान के लोगों के नाम पर बांटे पट्टे!

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जनपद पंचायत श्योपुर की ग्राम पंचायत मानपुर में केंद्र सरकार की स्वामित्व योजना में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा और पद के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। इस संबंध में श्योपुर एसडीएम गगन मीणा से की गई शिकायत में शिकायतकर्ता ने मामले की जांच और दोषी अधिकारियों-कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।

वार्ड नं. 10 पाली रोड निवासी समाजसेवी लक्ष्मीकांत सोनी ने एसडीएम गगन मीणा को शिकायती आवेदन देते हुए आरोप लगाया है कि ड्रोन सर्वे के नाम पर सांठगांठ और कूटरचना कर फर्जी आबादी पट्टे तैयार कर मृत और राजस्थान में रहने वाले व्यक्तियों के भी नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कर दिए गए हैं। जबकि हितग्राहियों की समग्र आईडी अनिवार्य है, जो केवल मध्यप्रदेश के निवासियों की ही बनती है। हालांकि इस संबंध में मानपुर हल्का पटवारी ने तहसीलदार मानपुर के निर्देश के बाद सभी व्यक्तियों की रजिस्ट्री कराने पर रोक लगा दी है जिनके नाम संदिग्ध दिखाई पड़ रहे हैं। लेकिन यह तो सिर्फ एक हल्के मात्रा की जानकारी है अगर पूरे जिले में इस तरह जांच की जाए तो बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हो सकता है।

इस संबंध में नायब तहसीलदार मानपुर वृत टीएस लकड़ा का कहना है कि कुछ लोगों के स्वामित्व योजना में गलत पट्टे चढ़ जाने की शिकायत मिली है। इसकी जांच की जा रही है। और जांच होने तक रजिस्ट्री नहीं कराने के निर्देश संबंधित पटवारी को दिए जा चुके हैं। कोई अपात्र लाभ न उठा ले और कोई पात्र वंचित न रहे यही प्राथमिकता रहेगी।

अगर जांच व्यापक हो तो और आ सकते हैं नाम

जो शिकायत सामने आई है वह सिर्फ एक ही पटवारी हल्का से जुड़ी हुई है। लोगों का कहना है कि इस तरह की शिकायतें अन्य हल्कों से भी मिलने लगे या व्यापक जांच की जाए तो बड़ी संख्या में गड़बडी सामने आ सकती है। ज्ञात हो कि मानपुर हल्का में जो शिकायत मिली है वह पूर्व में पदस्थ रहे पटवारी के द्वारा की गई कार्रवाई की है नए पटवारी ने उक्त कामों को संदिग्ध मानकर रजिस्ट्री करने से मना कर दिया है।

शिकायत में लगे 4 आरोप

1. राजस्थान के व्यक्ति को मानपुर में पट्टा - नासिर पिता अख्तर खान के नाम सर्वे क्र. 291/1, प्लॉट क्र. 55, रकबा 243 वर्ग मीटर का पट्टा जारी कर दिया गया। शिकायत के अनुसार यह व्यक्ति मानपुर का निवासी ही नहीं है, गांव में उसका कोई कब्जा नहीं है, न ही वोटर लिस्ट में नाम है। वह राजस्थान के हिण्डौन का मूल निवासी है।

2. शासकीय भूमि पर भी पट्टे बांटे - सर्वे नं. 285 जो राजस्व रिकॉर्ड में शासकीय भूमि के रूप में अंकित है, उस पर भी बिना सक्षम अधिकारी के आदेश के फर्जी पट्टे बना दिए गए। इसमें अशोक त्यागी पिता परमल त्यागी, सत्यनारायण पिता मुरारी और पुरुषोत्तम पिता मुरारी के नाम शासकीय भूमि पर पट्टे जारी करने का आरोप है।

3. कब्जा कहीं और, पट्टा कहीं और का - सर्वे नं. 116/3 और 285 के आसपास अतिक्रमण कर पक्के मकान-दुकान बनाकर निवास कर रहे 14 लोगों को सांठ-गांठ कर दूसरी जगह 291/1 और 285 में पट्टे दे दिए गए। सूची में राकेश त्यागी, राम आर्य, रमन कुमार त्यागी, श्यामलाल त्यागी (एक ही व्यक्ति को दो पट्टे), राजेन्द्र त्यागी, कल्याणचंद माहौर, ओमप्रकाश माहौर, अशफाक अहमद, भानुप्रकाश गुप्ता सहित अन्य नाम शामिल हैं।

4. मृतकों के नाम पर भी पट्टे जारी - सबसे चौंकाने वाला आरोप मृत व्यक्तियों के नाम पट्टे जारी करने का है। शिकायत में 5 मृतकों के नाम का उल्लेख है जिनके नाम पट्टे बने हैं-

- चतुर्भुज गुप्ता पिता गोपीलाल (सर्वे 341, प्लॉट 288)
- कुंतीबाई पत्नी सियाराम गोस्वामी (सर्वे 41, प्लॉट 310)
- देवीशंकर भारद्वाज पिता रामनिवास (सर्वे 341, प्लॉट 394)
- गोबरीलाल कुशवाह पिता देवीलाल (सर्वे 341, प्लॉट 427)
- नारायण भारद्वाज पिता देवीशंकर (सर्वे 341, प्लॉट 550)

गांव बसा नहीं और ठग पहले ही आ गए

चोरों का दुस्साहस, रात में ब्रॉडगेज रेल लाइन के बिजली तार काट ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



गांव बसा नहीं और ठग पहले ही आ गए, यह कहावत श्योपुर जिले में तब चरितार्थ होती नजर आई, जब श्योपुर स्टेशन तक ब्रॉडगेज ट्रेन के आने के पहले ही चोर इस नवीन ब्रॉडगेज रेल लाइन के बिजली तार काट ले गए। बीती रात को चोरों ने इस घटना को वीरपुर थाना क्षेत्र में कूनो नदी पुल के पास अंजाम दिया है।

बता दें कि बॉडग्रेज ट्रेन वीरपुर तक शुरू हो गई है। अब इस ट्रेन के सिरोनीरोड रेलवे स्टेशत तक शुरू किए जाने की तैयारियां चल रही है। इसके लिए रेलवे की ओर से सभी आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेकिन सिरोनी रोड स्टेशन तक ट्रेन की सुविधा चालू होने की तैयारियों को तब झटका लगा,जब वीरपुर से सिरोनीरोड स्टेशन तक ट्रेन चालू किए जाने के लिए रेलवे ट्रेक पर लगाए जा रहे बिजली के तारो को रात्रि के दौरान अज्ञात चोर काटकर ले गए। हालांकि अभी सिरोनीरोड तक बिजली लाइन के तार बिछाकर बिजली की सप्लाई को चालू किया नहीं गया है, लेकिन इसके पहले ही बिजली लाइन के तार चोरी हो जाने से रेलवे की संपत्ति की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई तरह के सवाल खडे हो गए है। वहीं यह प्रश्न भी खड़ा हो गया है कि चोर यदि इस तरह की हरकतो को अंजाम देगे तो श्योपुर स्टेशन तक ट्रेन के चालू की सुविधा निर्धारित समय सीमा में कैसे चालू हो पाएगी। उधर बिजली तार काटे जाने की एफआईआर शाम तक भी वीरपुर थाने में दर्ज नहीं हो पाने से यह बात भी उजागर हो रही है कि जिम्मेदार अधिकारी इस तरह की घटनाओ को लेकर कितनी गंभीरता दिखा रहे है। इस मामले में वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल का कहना है कि इस संबंध में फिलहाल कोई शिकायत नहीं आई है, शिकायत आएगी तो चोरी की एफआईआर दर्ज करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

कांग्रेसियों ने स्कूल परिसर में धरना दिया, विरोध प्रदर्शन कर लगाए नारे

युवा संवाद कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे कांग्रेसियों को पुलिस ने रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) द्वारा उत्कृष्ट स्कूल श्योपुर में आयोजित किए गए युवा संवाद कार्यक्रम का विरोध करने पहुंचे एनएसयूआई और युवा कांग्रेस नेताओं का स्कूल प्रबंधन से मुंहवाद होने के बाद पुलिस ने उन्हें स्कूल परिसर से बाहर निकाल दिया। इस पर युवा कांग्रेस नेता राम भरत मीणा ने सरकारी स्कूलों में भाजपा समर्थित राजनीति करने का आरोप लगाया है।

एबीवीपी द्वारा किए गए युवा संवाद कार्यक्रम का विरोध पहले एनएसयूआई के कार्यकर्ता करने पहुंचे प्रिंसिपल जेपी जाटव ने उन्हें यह समझाकर वापस लौटाने का प्रयास किया कि यह कार्यक्रम छात्र हितों को ध्यान में रखकर आयोजित किया जा रहा है। इसमें किसी भी राजनीतिक दल का कोई सीधा हस्तक्षेप नहीं है। सिर्फ छात्र हितों को ध्यान में रखकर उन्हें जागरूक करने की गरज से आयोजित किया गया है। वह खुद इसकी समीक्षा कर चुके हैं लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ता अड़े रहे कि हमें भी कार्यक्रम करने दिया जाए। हालांकि प्रिंसिपल ने उन्हें बोल दिया था कि वह राजनीति किए बिना अगर छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए कोई आयोजन करते हैं तो उन्हें मना नहीं करेंगे, लेकिन एनएसयूआई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन पर उतर आए। बाद में वहां युवा कांग्रेस नेता राम भरत मीणा और अन्य कांग्रेसी भी वहां पहुंच गए हंगामा होते देख स्कूल प्रबंधन ने सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बुला ली जिन्होंने विरोध प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस नेताओं को स्कूल परिसर से बाहर निकाल दिया। इसके विरोध में कांग्रेसियों ने स्कूल परिसर में धरना भी दिया और विरोध प्रदर्शन करते हुए नारे भी लगाए। इस दौरान महेश मीणा अभिषेक मीणा रवि सिंह जाट भूपेंद्र आर्य पवन सुमन युवा कांग्रेस के साथ मौजूद रहे।

जो छोड़ेगा बीड़ी गुटखा पुड़िया उसे उपहार में दिए जाएंगे पटाखा फुलझड़िया: कलेक्टर

कराहल विकासखंड के गोठरा गांव में की कलेक्टर ने जनसुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जो महिलाएं बीड़ी, गुटका छोड़ेंगी उन्हें दीपावली पर पटाखे फुलझड़ियां उपहार में दिए जाएंगे। यह बात कलेक्टर शीला दाहिमा ने मंगलवार को कराहल विकासखंड के गोठरा गांव में महिलाओं को संबोधित करते हुए कही। वह मंगलवार की जनसुनवाई करने पहुंची थी। जनसुनवाई में विभिन्न समस्याएं लेकर पहुंची महिलाओं को कलेक्टर शीला दाहिमा ने उनके द्वारा चलाए जा रहे ₹गुटखा बीड़ी छोड़ो पोषण जोड़ो₹ अभियान के तहत बीड़ी गुटखा का त्याग करने की समझाइए देते हुए कहा कि बीड़ी गुटखा न सिर्फ आपके स्वास्थ्य को खराब कर रहा है बल्कि आपके द्वारा जो कड़ी मेहनत से आजीविका कमाई जा रही है उसको भी बर्बाद कर रहा है। आप जितना पैसा बीड़ी पुड़िया पर खर्च कर रहे हो वह आजीविका का बड़ा हिस्सा है। अगर उसे बचा कर रखा जाए तो परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सकेगी। इस नशे का आपके और आपके बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। इसलिए गुटखा छोड़ो और पोषण अपनाओ आप भी स्वस्थ रहो बच्चे भी स्वस्थ रहेंगे। और घर का बजट भी ठीक रहेगा इस दौरान उन्होंने महिलाओं से हाथ उठाकर ईमानदारी से पूछा कि बताओ कौन-कौन बीड़ी पुड़िया का सेवन करता है और इसी तरह बाद में हाथ उठा कर पूछा कि कौन-कौन नहीं करता है तो सेवन करने वालों का ग्राफ अधिक निकला इस पर उन्होंने पुड़िया से होने वाली खराबियों के बारे में समझाइश देते हुए कहा कि जो महिलाएं पुड़िया छोड़ेंगी वह उन्हें खुद दीपावली पर उपहार देने आएंगी। आपको फुलझड़ी पटाखे इत्यादि के उपहार अगर मुझसे चाहिए तो वादा करना पड़ेगा कि आपको पुडिया बीड़ी सिगरेट का नशा छोड़ना पड़ेगा। महिलाओं ने हाथ उठाकर वादा किया कि वह आज से ही बीड़ी सिगरेट पान मसाला पुड़िया सेवन का त्याग करेंगी। इस दौरान उन्होंने गांव में संचालित स्कूल, आंगनवाड़ी गौशाला आदि का निरिक्षण किया। इधर जिला मुख्यालय पर कलेक्टर शीला दाहिमा के निर्देश पर उनकी अनुपस्थिति में एसडीएम गगन मीणा ने जनसुनवाई में आए लोगों की फरियाद सुनी। 121 आवेदकों के आवेदन लेते हुए एसडीएम गगन मीणा ने मौके पर मौजूद अधिकारियों के माध्यम से तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। जिन आवेदनो को कलेक्टर स्तर पर सुलझाया जा सकथा था उन्हें कलेक्टर की प्रत्याशा में रखवाकर समय सीमा में निराकरण का आश्वासन हितग्राहियों को दिया गया।

मुन्नी और कालू के अपने घर का सपना हुआ साकार

जनसुनवाई के दौरान गांव की मुन्नी बाई पटेलिया एवं कालू राम पटेलिया ने कलेक्टर को बताया कि पूरे गांव में लोगों को आवास योजना का लाभ मिल चुका है लेकिन उन्हें नहीं मिला है ग्राम पंचायत सचिव ने बताया कि सर्वे के दौरान यह दोनों परिवार मजदूरी के लिए बाहर निकल गए थे इसलिए सर्वे में छूट जाने से इन्हे पीएम आवास योजना का लाभ नहीं मिल सका। कलेक्टर शीला दाहिमा ने जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि दोनों हितग्राहियों के तत्काल पीएम आवास जनमन योजना के तहत स्वीकृत कर उनके खातों में राशि डाली जाए मौके पर ही आवास योजना का लाभ मिलने पर दोनों हितग्राहियों ने कलेक्टर का आभार जताया।

चीलघटा में स्टॉप डैम की होगी मरम्मत, आमदेह नाले पर बनेगी पुलिया

कलेक्टर शीला दाहिमा ने ग्रामीणों की सामूहिक मांग पर चीलघटा में स्टॉप डैम की मरम्मत कराये जाने के निर्देश ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को दिये। वहीं आमदेह के नाले पर पुलिया निर्माण हेतु सर्वे कराने के निर्देश ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों को दिये गये।

महात्मा गांधी सेवा आश्रम में श्रद्धांजलि सभा आयोजित

चंबल के शांति दूत थे भाईजी:पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



जब डॉ एसएन सुब्बाराव शांति एवं सदभावना रेल यात्रा पर चंबल घाटी में आए तो उन्हें लोगों ने बताया कि सारी चंबल घाटी बागी समस्या से त्रस्त है उसके बिना न शांति आ सकती है न सद्भाव पैदा हो सकता है आप इस समस्या के निराकरण के लिए कुछ करें। उसी समय भाईजी ने संकल्प लिया कि वे चंबल घाटी को इस संकट से मुक्ति दिलाने का प्रयास करेंगे तभी से उन्होंने चंबल घाटी को अपना कार्य क्षेत्र बनाया तथा गांधी आश्रम का निर्माण कर लोगों को इस संकट से मुक्ति दिलाई इसलिए उन्हें चंबल का शांति दूत कहा जाता है।

उक्त विचार महात्मा गांधी सेवा आश्रम के उपाध्यक्ष कैलाश पाराशर ने महात्मा गांधी सेवा आश्रम में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में व्यक्त किए। सुप्रसिद्ध गांधी वादी भीमसेन शर्मा ने कहा कि डॉ सुब्बाराव जी मानव सेवा का संकल्प लेकर जीवन भर इस दिशा में कार्य करते रहे। उन्होंने न केवल सहरिया समाज को ऊपर उठाने का कार्य किया बल्कि देश भर में गरीबों, शोषितों व पीड़ितों के दुःख दर्द मे उनके साथ रहे। गायत्री परिवार के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी आदित्य चौहान ने कहा कि उनका जीवन एक मिशन था जिसमें समाज के अंतिम व्यक्ति के विकास का सपना था। उन्होंने युवा शक्ति के देशभक्ति व समाज सेवा से जोड़ने हेतु देश भर में युवा जागरुकता शिविर आयोजित किए। सद्भावना रेल यात्रा भी निकाली जिससे युवाओं में राष्ट्र सेवा का भाव जागृत हुआ। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जयसिंह जादौन ने उनके जीवन से जुड़े कई संस्मरण सुनाए तथा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। हजारेश्वर शिक्षा प्रसार समिति के अध्यक्ष दिनेश सिकरवार ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाईजी वास्तव में गांधीजी के सच्चे अनुयाई थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अतुल चौहान, मांगीलाल फौजी, अनवर बालापुरी चौथमल शर्मा राजेंद्र गुप्ता बिजनेस सिंह परिहार शैलेंद्र पाराशर राधावल्लभ जांगिड़ गंगाराम आदिवासी रामदयाल आदिवासी धारा सिंह आदिवासी रामप्रसाद गोरछिया बृजमोहन आदिवासी शंभू दयाल शर्मा आदि मौजूद थे।

8 दिन के भीतर कार्रवाई न होने पर धरना प्रदर्शन शुरू किए जाने की चेतावनी

खुश निहाल की मौत के मामले को लेकर भीम आर्मी ने परिजनों के साथ घेरा एसडीओपी कार्यालय, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



संदिग्ध परिस्थितियों के बीच मोरडूंगरी नदी किनारे फांसी पर लटके मिले खुश निहाल की मौत के मामले का कोतवाली पुलिस 20 दिन का समय बीतने के बाद भी खुलासा नहीं कर पाई है। भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने कोतवाली पुलिस पर ढीलपोल और टालमटोल भरा रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को मृतक के परिजनों के साथ मिलकर एसडीओपी श्योपुर के कार्यालय का घेराव किया और ज्ञापन सौंपकर कहा कि खुश निहाल की मौत आत्महत्या नहीं, बल्कि षडयंत्र के तहत की गई एक हत्या है। पुलिस इस हत्या को अंजाम देने वाले हत्यारों का जल्द पताकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। इस दौरान भीम आर्मी एकता मिशन ने यह भी चेतावनी दी है कि इस मामले में 8 दिन के भीतर कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कोतवाली थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन श्योपुर के जिलाध्यक्ष लाखन सिंह मौर्य की अगुवाई में मंगलवार को एसडीओपी श्योपुर को दिए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि खुश निहाल पुत्र लख्खू जाटव निवासी खिरखिरी, इंदौर में रहकर परीक्षा की तैयारी कर रहा था। बीएसी का पेपर देने के लिए वह 5 अक्टूबर को श्योपुर आया था और 6 अक्टूबर की सुबह उसका शव मोरडूंगरी नदी किनारे एक पेड से लटका मिला था। पुलिस खुश निहाल की मौत को आत्महत्या बता रही है। जबकि खुश निहाल का शव जिस तरह से लटका हुआ मिला था और उसके पैर भी नीचे टिके हुए है, ऐसी स्थिति में उसके द्वारा खुद ही फांसी लगाने से मौत होना संभव नहीं दिख रही है। इसके बाद परिजन सूचना पाकर घटना स्थल पर हुंचते,उसके पहले ही पुलिस शव को पीएम हाउस ले गई और परिजनो को जबदरस्ती कोतवाली थाने ले गई। ज्ञापन में कहा गया है कि खुश निहाल की मौत एक षडयंत्र के तहत की गई हत्या है। जिसका पुलिस को जल्द खुलासा करना चाहिए। लेकिन पुलिस 20 दिन बीतने के बाद भी इस मामले का खुलासा नहीं कर पाई है।

इसलिए आक्रोशित थे भीम आर्मी के कार्यकर्ता

इस मामले को भीम आर्मी के कार्यकर्ता और मृतक के परिवार के लोग इसलिए भी आक्रोशित नजर आ रहे थे, क्योंकि 12 अक्टूबर को उनके द्वारा एसपी कार्यालय का घेराव करते हुए एसपी के नाम एक ज्ञापन एएसपी को सौंपा गया था। उस दौरान मृतक के परिजन एसपी से मिलने के लिए काफी देर तक एसपी कार्यालय के गेट पर बैठे रहे,लेकिन इसके बाद भी परिजन भी एसपी से नहीं मिल पाए। वहीं अभी तक पुलिस इस मामले में कोई खुलासा नहीं कर पाई। जिसकारण भीम आर्मी ने आक्रोशित होकर मंगलवार को एसडीओपी कार्यालय का घेराव करते हुए फिर से ज्ञापन सौंपा है।

मूर्ति तोड़ने के मामले में भी आरोपी बेसुराग

भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने पिछले दिनों ओछापुरा में थाने के ठीक सामने लगी गौतम बुद्ध एवं संविधान निर्माता डॉ भीमरावत अंबेडकर की मूर्ति तोड़े जाने की घटना घटित हो गई। हालांकि मूर्तियां फिर से लगवा दी गई है, लेकिन इस मामले में शिकायत किए जाने के बाद भी आरोपी अभी तक बेसुराग बने हुए हैं। भीम आर्मी ने इस मामले को लेकर भी ज्ञापन सौंपा है।

इनका कहना है...

खुश निहाल की मौत के मामले में पुलिस की जांच चल रही है। इस मामले में मृतक के मोबाइल के व्हाट्सअप के डाटा को भी निकलवाया जा रहा है। इस मामले में जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आनंद राय
एसडीओपी, श्योपुर

खुश निहाल की मौत के मामले की पुलिस निष्पक्षता के साथ जांच करते हुए दोषियों का पता लगाकर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करे। 8 दिन के भीतर इस मामले में पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने पर परिजनों को साथ लेकर कोतवाली थाने के सामने धरना प्रदर्शन शुरू करेंगे।

लाखन सिंह मौर्य
जिलाध्यक्ष भीम आर्मी एकता मिशन

जेठ जेठानी ने मिलकर देवरानी को पीटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर से सटे गांव नगदी में मंगलवार की दोपहर को जेठानी और देवरानी के बीच पुरानी रंजिश को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ गई कि जेठ जेठानियों ने मिलकर देवरानी की डंडों से मारपीट कर डाली। विवाद के दौरान देवरानी चोटिल हो गई। इस मामले में देहात थाना पुलिस ने देवरानी की शिकायत पर जेठ जेठानी समेत तीन लोगों पर मारपीट का केस दर्ज कर लिया है।

देहात थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम नगदी निवासी राजंत्रा बाई पत्नी राम मुकेश मीणा ने मंगलवार को थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका पति जयपुर में रहता है। मंगलवार की दोपहर को पुरानी रंजिश को लेकर बडी जेठानी विमला बाई और छोटी जेठानी अनीता बाई तथा जेठ तुलसीराम मीणा ने मिलकर न केवल गाली गलौच की,बल्कि डंडो से उसकी मारपीट भी कर दी। जिससे वह जख्मी हो गई। पुलिस ने देवरानी को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजते हुए उसकी रिपोर्ट पर विमला बाई, अनिता बाई, तुलसीराम के खिलाफ मारपीट की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म, एफआईआर दर्ज

श्योपुर। वीरपुर थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। वीरपुर थाना प्रभारी महाराज सिंह वघेल ने बताया कि पीड़ित युवती ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी मनीष पुत्र सतीश माहौर ने शादी का झांसा देकर उसके साथ रेप किया और अब शादी करने से मुकर रहा है। पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर लिया है। बता दें कि दुष्कर्म का यह मामला करीब 20 दिन पुराना है और वर्तमान में आरोपी एक अन्य मामले में अपने पिता के साथ जेल में बंद है।

देहात पुलिस ने 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया, जिनमें 3 मुनीम भी शामिल

मंडी में मुनीमों की मिलीभगत से फर्जी मसरफ के आधार पर भुगतान हड़पने की शिकायत





हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

कृषि उपज गल्ला मण्डी में वर्षों से बड़े व्यापारियों के यहां फर्जी मसरफ के आधार पर भुगतान हड़पने का मामला सामने आया है, इस मामले में कोई और नही अपितु व्यापारियों के यहां काम करने वाले मुनीम ही इस षड़यंत्र में शामिल हैं। इस घोटाले की व्यापारियों द्वारा एसपी के यहां शिकायत किए जाने के बाद देहात पुलिस ने उक्त घटनाक्रम से जुड़े 3 मुनीमों पर मामला दर्ज किया है। देहात थाना प्रभारी आशीष शर्मा ने बताया कि उक्त मामले में 6 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया गया है,जिनमें 3 मुनीम भी शामिल हैं।

एसपी के यहां की गई थी शिकायत

गल्ला व्यापारी बाबूलाल चक्रेश कुमार की ओर से वैभव जैन द्वारा व्यापारियों के साथ एसपी राजीव कुमार मिश्रा के यहां एक लिखित शिकायत की गई थी, इस शिकायत में कहा गया था कि फर्जी मसरफ के आधार पर 45 हजार रूपए का भुगतान लिए जाने का प्रयास किया गया। जबकि न तो माल की तौल हुई है न व्यापारी के यहां किसान का माल आया है, जबकि मुनीमों की मिलीभगत से फर्जी मसरफ के आधार पर यह भुगतान लिए जाने का प्रयास किया गया। इस तरह का मामला पहली बार पकड़ में आया है।

कृषि उपज गल्ला मंडी में ऐसे होता है यह षड़यंत्र

कृषि उपज गल्ला मंडी में जब किसान माल बेचने के लिए आता है और नीलामी बोली में जब उसके माल की नीलामी होती है तब मण्डी प्रशासन द्वारा दो मसरफ काटी जाती हैं, एक मसरफ किसान को प्रदान की जाती है और दूसरी मसरफ व्यापारी के मुनीम को दी जाती है। इसी बीच यदि किसान अपना माल बेचने से इन्कार कर देता है तब वह मसरफ कैंसिल हो जाती है लेकिन दूसरी मसरफ मुनीम के पास रहती है इस दूसरी मसरफ के आधार पर फर्जी किसान तैयार कर मुनीमों द्वारा व्यापारी के यहां से पेमेंट ले लिया जाता है, जबकि किसान माल देकर ही नहीं जाता। मण्डी में दो प्रकार के व्यापारी हैं एक व्यापारी वह है जो प्रतिदिन 20 से 50 ट्राली से अधिक माल की खरीददारी करते हैं, एक व्यापारी वह है जो 10 से 15 ट्राली माल खरीदते हैं, छोटे व्यापारी के यहां तो पता लग जाता है कि यह मसरफ आई है तो इसका माल कहां है लेकिन बड़े व्यापारियों के यहां पता ही नहीं चलता क्योंकि उनके यहां खरीदे गए माल का ढेर लगता जाता है, जब स्टॉक का मिलान हो तब व्यापारी यह माल लेता है कि घटती बढ़ती में यह स्टॉक कम हो गया होगा जबकि ऐसा नहीं है, यह षड़यत्र वर्षों से व्यापारियों के यहां चल रहा है, मुनीम मिलकर किसान की मसरफ कैंसिल कराते हैं और दूसरे मसरफ से पेमेंट लेकर चले जाते हैं, अब तक इस चोर रास्ते से करोड़ों का पेमेंट होने की संभावनाएं जताई गई हैं।

व्यापारियों का कहना है कि सारा काम मुनीमों की मिली भगत का

व्यापारी का कहना है कि फर्म का मसरफ काटना तथा खरीदी की प्रविष्टि करना इन्हीं मुनीमों के कार्य में आता है। बिना माल फड़ पर आए फर्म के नाम से मसरफ कटना इन मुनीमों की जानकारी एवं सहयोग के बिना संभव नहीं है। इस कार्य के मुख्य सूत्रधार यही मुनीम हैं, तथा वाहन, कथित किसान एवं दलाल की व्यवस्था इन्हीं के द्वारा की गई। इनसे कड़ाई से पूछताछ की जाए ताकि पूरे मामले का खुलासा हो सके।

मंडी के अन्य व्यापारियों के लिए खतरा

सीज़न में मंडी में आवक अधिक होने के कारण हर मसरफ, कांटा पर्ची, वाहन और फड़ पर आए माल का तत्काल मिलान करना व्यापारियों के लिए कठिन होता है। इसी का लाभ उठाकर मुनीम, दलाल एवं बाहरी व्यक्ति मिलकर अन्य फर्मों के साथ भी ऐसी धोखाधड़ी कर सकते हैं। यह किसी संगठित गिरोह का कार्य भी हो सकता है, जिसकी जांच आवश्यक है।

खास बातें

- उक्त प्रकरण में संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध धोखाधड़ी, कूटरचना एवं आपराधिक षड्यंत्र की सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की जाए।
- मुख्य संदिग्ध मुनीम विशाल पाल, शिवकुमार शर्मा एवं अनिकेत यादव से कड़ाई से पूछताछ की जाए।
- दलाल नीरज जैन, विनीत रजक, वाहन मालिक राकेश साहू एवं कथित किसान की भूमिका की जांच की जाए।
- मंडी प्रशासन से 22 अक्टूबर का प्रवेश रिकॉर्ड, कांटा पर्ची (भरी एवं खाली तौल), मसरफ प्रविष्टि एवं सीसीटीवी फुटेज तत्काल जब्त कर सुरक्षित किए जाएं।
- संदिग्धों के मोबाइल कॉल विवरण की जांच कर उनके आपसी संबंध एवं षड्यंत्र का पता लगाया जाए।
- जांच की जाए कि क्या इन व्यक्तियों ने पूर्व में मेरी फर्म या मंडी की अन्य फर्मों के साथ इसी प्रकार की धोखाधड़ी की है।
- दोष सिद्ध होने पर सभी दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

माल की तौल ही नहीं हुई और पेमेंट की मांग की गई

पूरा घटनाक्रम इस प्रकार है कि 22 अक्टूबर को राकेश साहू का पिकअप वाहन मक्का लेकर कृषि उपज मंडी अशोकनगर में आया। फर्म के नाम से विनीत रजक का मसरफ काटा गया, जिसमें 23 क्विंटल मक्का, दर 1,960 प्रति क्विंटल के हिसाब से कुल राशि 45,080 दर्शाई गई। विनीत रजक, दलाल नीरज जैन के साथ उक्त फर्म पर मसरफ का भुगतान लेने पहुंचा। संदेह होने पर मैंने जांच की,जांच में पाया गया कि वाहन मंडी के कांटे पर तो पहुंचा, परंतु मक्का उनकी फर्म के फड़ पर कभी नहीं उतरी। इसके बावजूद भुगतान के लिए मसरफ दिया गया। किसान के रूप में जो व्यक्ति लाया गया था दरअसल वह उक्त फर्जी मसरफ उनकी ही फर्म के मुनीम द्वारा ही बनाया गया था। जिसमें मुनीमों के रूप में कार्यरत विशाल पाल, शिवकुमार शर्मा, अनिकेत यादव शामिल हैं।

बीना पुलिस ने किया अंधे कत्ल का खुलासा, फरियादी ही निकला आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं अवैध गतिविधियाँ करने वाले एवं प्रोएक्टिंग पुलिंसिंग के तहत की जा रही प्रभावी कार्रवाई के तहत थाना बीना पुलिस द्वारा पुलिस अधीक्षक सागर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना के मार्गदर्शन में थाना बीना पुलिस द्वारा किया गया अंधे कत्ल का खुलासा किया है।

आरोपी ने बताया भाई शराब पीने का था आदि, घरेलू विवाद में की मारपीट

थाना प्रभारी ने अनूप यादव ने बताया 24 अक्टूबर को फरियादी पंकज अहिरवार पिता स्व. शम्भूदयाल अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी आचवल वार्ड निवासी बीना ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 23 अक्टूबर को भाई नीरज अहिरवार अंडे का ठेला बंद करके रात करीब 11 बजे घर चला गया था। रात्रि करीबन 12 बजे फरियादी घर गया तो फरियादी की मां ने बताया कि मृतक नीरज अहिरवार 10 मिनट की कहकर घर से बाहर गया है। फरियादी खाना खाकर सो गया फिर रात करीबन 2.30 बजे मां ने जगाकर बताया कि मृतक नीरज अहिरवार अभी तक घर वापिस नहीं आया है तो फरियादी ने मृतक की तलाश किया। जो श्री हरि मेडिकल के नीचे रोड पर बैठा हुआ मिला जिसके शरीर में जगह-जगह से खून निकला हुआ था। जो कहने लगा कि घर ले चलो खाना खाना है। फरियादी ने मृतक से चोटो के बारे में पूछा तो मृतक शराब के नशे में होने से कुछ नहीं बताया। भाई नीरज खाना खाकर लेट गया थोडी देर बाद फरियादी ने भाई नीरज को जगाया तो नहीं उठा और हिल डुल भी नहीं रहा था, जिसकी सांसें बंद थी। भाई नीरज को चोटें गिरने, एक्सीडेन्ट या मारपीट से आई है इसकी जानकारी नहीं है। फरियादी की रिपोर्ट पर मर्ग पंजीबद्द कर जांच में लिया गया।

मर्ग जांच के दौरान घटनास्थल को सुरक्षित करते हुये बीरीकी से निरीक्षण किया गया एवं डॉग स्कवाइड ने घटना स्थल का निरीक्षण किया एवं एफएसएल सागर से प्राप्त दिशा निर्देशो के तहत कार्यवाही की गई एवं घटनास्थल से आवश्यक बस्तुये जप्त की गई एवं कथन लेख किए गए। मर्ग जांच के दौरान आए साक्ष के आधार एवं प्रकरण के फरियादी से पूछताछ की गई। जिसने जुर्म करना स्वीकार किया और बताया कि बड़ा भाई नीरज अहिरवार शराब पीने का आदी था और घर पर पैसे नहीं देता था एवं घरेलू विवाद हो गया था। जो पंकज अहिरवार ने डण्डा एवं मुगरिया से नीरज अहिरवार के साथ मारपीट किया। जिससे आई चोटों से नीरज अहिरवार की मौत हो गई थी।

आरोपी पंकज अहिरवार ने घटना को छिपाने के उद्देश्य से तुरंत पुलिस को सूचना न देकर मनगढंत कहानी बनाई और स्वयं ही रिपोर्ट लेख कराई थी। मर्ग जांच के दौरान आए तथ्यों के आधार पर आरोपी पंकज अहिरवार पिता स्व. शम्भूदयाल अहिरवार उम्र 30 वर्ष निवासी आचवल वार्ड के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

सराहनीय भूमिका: मामले का खुलासा करने एवं आरोपी को पकड़ने वालों में निरीक्षकअनूप यादव, उप निरीक्षक लखनराज, प्रधान आरक्षक हाकिम सिंह, प्रधान आरक्षक गजेन्द्र मिश्रा, प्रधान आरक्षक विजय गौतम, आरक्षक प्रेमजीत सिंह, आरक्षक बाबूलाल, आरक्षक दीप सिंह भदौरिया, आरक्षक सूरज शर्मा, आरक्षक महेन्द्र, आरक्षक महेश नामदेव, आरक्षक विवेक पटेल, आरक्षक राहुल सोलंकी, आरक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, आरक्षक भारत राजे की सराहनीय भूमिका रही।

गली-गली पुष्प बरसाकर विमानों का किया स्वागत

धूमधाम के साथ निकली श्रीजी की शोभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी

नगर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा श्री जी के वार्षिक विमान महोत्सव का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस उत्सव के अंतर्गत प्रातःकाल हाटकापुरा आदिनाथ जैन मंदिर से श्री जी की शोभायात्रा प्रारंभ हुई। जो श्री दिगंबर जैन चैबीसी मंदिर,पाश्र्वनाथ जैन मंदिर होते हुए बजरिया मोहल्ला,मूसा बावड़ी और वीर बावड़ी से गुजरते हुए सदर बाजार पहुंची। शोभायात्रा के दौरान श्री जी का पंडाल में मंगल प्रवेश कराया गया,जिसमें फूलमालाओं और ज्ञानमालाओं का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री जी के भ्रमण के दौरान शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। जगह-जगह रंगोलियाँ बनीं,और नगर में तरह-तरह की सजावट की गई। सहधर्मी माताएँ और बहनें श्री जी का स्वागत आरती कर रही थीं। इस विशेष विमान उत्सव चल समारोह में सर्वप्रथम डीजे,चाचढ



नवयुवक ढोल के साथ शाडोरा बैंड, महिलाओं एवं बालिकाओं के ग्रुप गरवा डांडिया आदि के खंदार सेवादल एवं हाटकापुर दिव्यघोष के उपरांत त्रय विमान जी क्रम से चल रहे थे महिला, पुरुष एवं बच्चों ने अपनी-अपनी गणवेश में चल समारोह में भाग लिया। इसके बाद, श्री जी की शोभायात्रा दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र खंदार गिरी जी पर पहुंची, जहां श्री जी का पूजन एवं अभिषेक का कार्यक्रम भव्य तरीके से संपन्न हुआ।

हजारों दीपों की रोशनी से जगमगा उठा मोतीचूर नदी का तट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

मां मोतीचूर नदी जल एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य में सोमवार को मोतीचूर नदी पर दीप दान, गंगा आरती और भजन संध्या का आयोजन किया गया। जागेश्वरी मंदिर से चुनरी यात्रा निकालकर पवित्र नदी को अर्पित की गई। दीप दान और आरती के बाद देर रात तक नदी के तट पर चले भजनों पर भक्त भजनों पर थिरकते हुए नजर आए।

रात 8.30 बजे तक सैकड़ों की संख्या में लोग नदी के तट पर पहुंचे। उसके बाद रात 9 बजे से मां मोतीचूर नदी पर गंगा आरती का बाबा आयोजन किया गया। गंगा आरती से बड़ा मंदिर घाट गूंज उठा।तत्पश्चात पुजारियों ने मंत्रोच्चारण के साथ मां मोतीचूर नदी को चुनरी अर्पित की। इसके साथ ही कार्यक्रम में शामिल

भजनों की प्रस्तुति पर झूमे भक्त दीप दान करने नदी के दोनों तटों पर रही भीड़





हुए भक्तों ने नदी में दीप दान किए। दीपों की रोशनी से नदी जगमगा उठी। नदी में सैकड़ों की संख्या में जलते दीप नजर आए। इसके साथ ही लोग जयकारे लगाते रहे। गंगा आरती संपन्न होने के साथ ही भजन गायक भागीरथ पटेल ने भजनों की प्रस्तुतियां दी। देर रात तक भक्त गंगा मैया के भजनों पर झूमते रहे।

गौरतलब है कि आयोजन को लेकर समिति की ओर से विशेष तैयारी की गई थी। नदी के



दोनों तरफ रंगीन लाइटें लगाकर घाट को रोशन किया गया था। शाम 6 बजे से श्रद्धालु कार्यक्रम में शामिल होने नदी के तट पर पहुंचने लगे थे। आरती से पहले स्थानीय कलाकारों द्वारा गंगा मैया की सुंदर भजन के साथ की ही देर रत तक शानदार भजनों की प्रस्तुति देते रहे। कार्यक्रम के दौरान विधायक निर्मला सप्रे, जनपद अध्यक्ष उषा राय, नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र उपाध्याय, सुनील सीरोठिया, दशरथ पुरोहित, एचडी गोस्वामी, पूर्व विधायक विनोद पंथी, मनीष कैथोरिया, मुकेश राय, आलेख राय, भारती राय, प्रदीप तिवारी आदि उपस्थित रहे।

शाढ़ौरा में विजया दशमी उत्सव व भव्य पथ संचलन संपन्न



शाढ़ौरा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खंड शिवनगर (शाढ़ौरा) का विजया दशमी उत्सव व पथ संचलन कार्यक्रम स्थानीय हायर सेकेंडरी स्कूल शाढ़ौरा के परिसर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन में खंड के सभी स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में उत्साह पूर्वक भाग लिया। मुख्य वक्ता का पाथेय और पंच परिवर्तन कार्यक्रम में विभाग प्रचार प्रमुख धर्मेंद्र रघुवंशी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में निम्नलिखित प्रमुख बिंदुओं पर प्रकाश डाला संघ का इतिहास और भूमिका संघ की स्थापना, यात्रा और वर्तमान समय में समाज निर्माण में इसकी प्रासंगिकता व भूमिका। चुनौतियां वर्तमान समय में समाज के समक्ष मौजूद विभिन्न चुनौतियों और उनके समाधान पर चर्चा। पंच परिवर्तन समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए संघ द्वारा चलाए जा रहे पांच महत्वपूर्ण विषयों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। स्व का बोध सामाजिक समरसता। नैतिक कर्तव्य भव्य पथ संचलन और स्वागत बौद्धिक एवं पाथेय के पश्चात सभी स्वयं सेवकों ने अनुशासित ढंग से पथ संचलन में सहभागिता की। संचलन पारंपरिक घोष (बैंड) की प्रेरणादायी धुनों के साथ नगर के विभिन्न मुख्य मार्गों से होकर गुजरा।मार्ग में जगह-जगह नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर पथ संचलन का अभिनंदन व स्वागत किया गया।

श्रद्धालुओं ने शहर में निकाला चल समारोह, जयंती पर कई जगह हुआ कार्यक्रमों का आयोजन

जिले में महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिले में महर्षि बाल्मीकि जी का जन्मोत्सव बड़ी धूम धाम से मनाया गया। जिला मुख्यालय पर बाल्मीक जयंती पर चल समारोह धूमधाम से निकाला गया। जिले के अनेक स्थानों पर इस तरह के कार्यक्रम आयोजित हुए।

जिला मुख्यालय अशोकनगर में मनाया गया महर्षि वाल्मीकि का जन्मोत्सव

शहर के बाल्मीक मोहल्ला में बाल्मिक मंदिर पर समाज द्वारा सुबह से ही पूजा अर्चना प्रारंभ हो गई थी। यहां पर रामायण का पाठ किया गया और कई सामाजिक संगठनों ने मंदिर पहुंचकर महर्षि वाल्मीकि जी के चरणों में पुष्प अर्पित किए। समाज जनों से भेंट की। इस दौरान दोपहर 3:00 बजे से महर्षि वाल्मीकि मंदिर से निकाले गए एक चल समारोह में महर्षि बाल्मीकि जी झांकी एवं विमान निकाला गया, जगह जगह आरती की गई।

इस चल समारोह में विमान को लेकर श्रद्धालु चलते हुए साथ में नजर आए। जिन मार्गों से चल समारोह निकला उन मार्गों पर समाजजनों द्वारा महर्षि बाल्मीकि जी आरती की,श्रद्धालुओं को शीतल जल पिलाया। चल समारोह में युवक और युवतियां नाचते गाते हुए देखे गए। समाज जनों द्वारा चल समारोह निकाला गया जो शहर के प्रमुख मार्ग से होता हुआ बाल्मिक मंदिर पर पहुंचा जहां समाज जनों ने प्रसाद वितरण किया। महर्षि वाल्मीकि जयंती हर शरद पूर्णिमा को मनाई जाती है। वाल्मीकि जी को संस्कृत साहित्य का प्रथम कवि और रामायण के रचयिता के रूप में जाना जाता है। उन्होंने रामायण महाकाव्य की रचना की थी। जो धर्म, सत्य, न्याय, और मानवीय मूल्यों की प्रेरणा देता है। उन्होंने सत्य





और धर्म का मार्ग अपनाकर रामायण की रचना की। उनके आश्रम में माता सीता ने वनवास का समय बिताया तथा उनके पुत्र लव-कुश का जन्म भी वहीं हुआ। रामायण में करीब 24,000 श्लोक हैं, जो इसे संस्कृत के सबसे प्राचीन और महत्वपूर्ण ग्रंथों में से एक बनाते हैं।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा, बैंड-बाजों की धुन पर झूमे समाजजन

सोमवार को महर्षि वाल्मीकि जयंती वाल्मीकि समाज द्वारा बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और उत्साह के साथ नईसराय कस्बे में मनाई गई। इस अवसर पर समाज के लोगों ने भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना कर नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा में समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे भगवान महर्षि वाल्मीकि मंदिर प्रांगण में हुई, जहां समाज के सभी लोग एकत्रित हुए। यहां विधि-विधान से भगवान महर्षि वाल्मीकि की पूजा-अर्चना



की गई। इसके बाद भगवान वाल्मीकि को आकर्षक डोली में विराजमान किया गया। साथ ही भगवान की सुंदर एवं मनमोहक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर परिसर से भव्य शोभायात्रा प्रारंभ हुई। शोभायात्रा नईसराय के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड पहुंची और नगर भ्रमण करते हुए आगे बढ़ी। बैंड-बाजों की मधुर धुन के बीच निकली शोभायात्रा में समाज के लोग उत्साहपूर्वक शामिल हुए। भगवान महर्षि वाल्मीकि की जय-जयकार से नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया। जगह-जगह लोगों ने शोभायात्रा के दर्शन कर भगवान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

शोभायात्रा में भगवान महर्षि वाल्मीकि की आकर्षक झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। समाज के लोगों ने एकजुट होकर जयंती समारोह में अपनी सहभागिता निभाई। आयोजन के माध्यम से समाज में एकता, भाईचारे और धार्मिक आस्था का संदेश दिया गया। भगवान महर्षि वाल्मीकि के जीवन और उनके आदर्शों को याद करते हुए लोगों ने उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेने का संदेश भी दिया। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा वापस भगवान वाल्मीकि मंदिर पहुंची। यहां भगवान की महाआरती की गई तथा उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। इसके पश्चात बाहर से आए अतिथियों का सम्मान किया गया।

पिपरई में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकला भव्य चल समारोह

पिपरई नगर में महर्षि वाल्मीकि जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर पावर हाउस स्थित वाल्मीकि मंदिर से भगवान को सुसज्जित बग्गी में विराजमान कर भव्य चल समारोह निकाला गया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सकल हिंदू समाज ने किया पूजन

महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर सकल हिंदू समाज अशोकनगर द्वारा वाल्मीकि मंदिर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महर्षि वाल्मीकि जी का विधिवत पूजन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए गए। उपस्थित जनों ने उनके जीवन, साहित्य और समाज को दिए गए अमूल्य योगदान को याद किया। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायक है। वे आदि कवि के रूप में पूज्यनीय हैं और उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय संस्कृति, आदर्शों एवं नैतिक मूल्यों का अमूल्य ग्रंथ है। रामायण में भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का जो वर्णन मिलता है, वह युगों-युगों तक समाज का मार्गदर्शन करता रहेगा। महर्षि वाल्मीकि की साधना, तपस्या और साहित्यिक योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हमें समाज में सद्भाव, सेवा और संस्कारों को बढ़ावा देना चाहिए। कार्यक्रम में सकल हिंदू समाज के जिला अध्यक्ष दिनेश जैन, कोषाध्यक्ष रामकुमार चैधरी, समरसता प्रमुख राजेश जैन, उपाध्यक्ष विकास जैन, मोहन नामदेव, दिनेश चैरसिया, हरिओम रघुवंशी, कांताप्रसाद शर्मा, बबलू गुर्जर सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं वाल्मीकि समाज की ओर से नारायण बालू, सीताराम बालू, महेंद्र नहरिया, संजय, कमलेश बालू, गौरव, राकेश सहित समाज के अन्य प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।